## महत्वपूर्ण एवं खास

### पैदल जा रही महिला चैन स्नेचिंग ,रिपोर्ट दर्ज

#### बाईक सवार नकाबपोश ने दिया घटना को अंजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** नकाबपोश बाईक सवारों द्वारा पैदल जा रही महिला के गले से सोने की चैन छीनकर फरार हो जाने की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दूबे कालोनी मोवा पण्डरी निवासी उत्तरा देवी वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दूबे कालोनी मोवा बालाजी अस्पताल के पीछे अपनी जेठानी अंजनी वर्मा के साथ पैदल जा रही थी तभी पीछे से आ रहे बाईक सवार दो नकाबपोश लोगों ने गले में पहने सोने की चैन को छीनकर फरार हो गये। सोने की चैन की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये बताई जा रही है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की ठोकर से बाईक सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ जाने से बाईक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बोरिया खुर्द टिकरापारा निवासी ललित सोनी आयु 42 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि तरुण बाजार के आगे संतोषीनगर के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 1556 का चालक ने मोटरसाइकिल चला रहे युवक तरुण साहू 27 वर्ष को जो दार टक्कर मार दिया जिसके चलते युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### आरोपी से कट्टा और तलवार बरामद

**कोरबा (आरएनएस)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार की देर शाम मोतीसागर पारा निवासी एक बदमाश को पकड़कर उसके निशानदेही पर कट्टा और तलवार बरामद किया है। बदमाश कोतवाली में कई मामले का आरोपी है। पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए पुराने बदमाशों की जानकारी जुटा रही थी तब मुखबीर से उसके पास कट्टा और तलवार होने की जानकारी मिली थी, इस आधार पर कार्रवाई की। बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

### मोटरसाइकिल चला रहा युवक खंबे से टकराया, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार से एक्टीवा चला रहे युवक बिजली के खंबे से टकरा जाने से उसकी मौत हो गई वही युवक को चोट लगने से वह घायल हो जाने की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गंगानगर खमतराई रायपुर निवासी लालमणी साहू 23 वर्ष पिता संतोष साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वाल्टियरगेट रेलवे लाईन के पास फाफाडीह के पास एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 एमए 1572 का चालक लक्की मरकाम आयु 18 वर्ष पिता जागेश्वर मरकाम ने एक्टीवा को तेज रफ्तार से चलाते समय अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा जाने से उसकी मौत हो गई एवं प्रार्थी को चोट लगा। घटना रिपोर्ट पर मृतक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### गहरी नींद में सो रहा था परिवार, शार्ट सर्किट से लगी आग पांच झुलसे

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सोमवार की तड़के करीब 4:30 बजे तेलीपारा सरजू बगीचा रोड़ स्थित सीबी हाइट्स की तीसरी मंजिल में विनोद जाजोदिया के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई घटना के वक्त घर के सभी लोग सो रहे थे मकान के अंदर से धुआं निकलते देख अपार्टमेंट के लोगो उन्हें जगाया तो पता चला कि घर के अंदर काफी आग बढ़ चुकी थी। जिसके बाद तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम फोन कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई और आग पर काबू पाया गया आग लगने से परिवार के मुखिया विनोद जाजोदिया श्रीमती पद्मा जाजोदिया,ज्योति जाजोदिया,रचना जाजोदिया व आंति जाजोदिया समेत कान्हा जाजोदिया आग की चपेट में आ गए जिन्हें तत्काल मैग्नेटो मॉल के पास एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सभी को एडमिट कराया गया जहा सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### बेसलाईन टेस्ट का रिजल्ट 30 तक

**रायपुर (आरएनएस)।** कक्ष पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चों का प्रदेश स्तरीय बेसलाईन टेस्ट संभवतः समाप्त हो गया है। इसका रिजल्ट 30 मई तक आ जाएगा। प्रथम बार हुए बेसलाईन टेस्ट के माध्यम से बच्चों के उपलब्धि स्तर की जांच संपन्न हुई है। इसके तहत प्रदेश के 30 लाख बच्चों ने एक ही जैसे प्रश्नपत्र को हल किया और सभी बच्चों के अंक ऑनलाईन दर्ज भी की गई है। इस नंबर को अब ऑनलाईन प्रदर्शित किया जाएगा।

# सतही जल स्त्रोतों, जमीन की नमी बढ़ाने और भू-जल स्तर ऊंचा उठाने की जरूरत- भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां मुख्यमंत्री निवास स्थित अपने कार्यालय में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य की महत्वाकांक्षी योजना 'नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बारी' के प्रस्तावित कार्यों पर विचार मंथन किया और इस योजना के तहत अभी तक किए गए कार्यो की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री द्वारा 'नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बारी' की समीक्षा



बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव सुनील कुजूर, अपर मुख्य सचिव गण सर्व आर पी मंडल, के डी पी राव, सी के खेतान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने अधिकारियों से कहा कि 'नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बारी' एक दीर्घकालिक और खेती किसानी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने की योजना है। इस कारण जरूरी है कि इस कार्य में जहां इसरो के माध्यम से किए जाए वैज्ञानिक मेपिंग आदि का उपयोग किया जाए, वहीं इसकी सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और योजनाबद्ध तरीके से जन सहभागिता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि योजना के तहत कार्य करने की समय सीमा में उदारता बरती गई है।

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले की अरपा नदी के कैचमेंट एरिया के नालों को पुनर्जीवित करने के लिए इनका ट्रीटमेंट प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नदी-नालों को रिजार्च करने के कार्य में अलग-अलग स्थानों की भू-संरचना का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बेमेतरा जिले की बेरला तहसील में जहां शिवनाथ नदी में पानी रहता है वहीं इसके तालाबों आदि का पानी सूख जाता है। उन्होंने पूछा कि बरसात या अन्य समय में सौर ऊर्जा या अन्य साधनों से समीपवर्ती नालों एवं तालाबों को पानी से भरा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने भू-जल स्तर में खारे पानी की बढ़ने की शिकायतों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जहां एक ओर जरूरत है कि वर्षा के माध्यम से मिलने वाले पानी को सतह पर ही तालाब नालें आदि के माध्यम से रोके वहीं जमीन की नमी को बढ़ाये और भू-जल स्तर को ऊंचा उठाए। उन्होंने राज्य के आर्सेनिक, फ्लोराइड और आयरन प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से सतही जल स्त्रोतो एवं तालाबों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने महानदी के रेतीले क्षेत्रों में डाईक वाल बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल ने बताया कि प्रदेश के 27 जिलों में 1866 गौठान स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक गौठान के लिए 5-6 एकड़ के मान से कुल 9 हजार 999 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। हर विकासखण्ड में दो-दो मॉडल गौठान स्वीकृत किए गए है। गौठानों के विकास के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत लगभग 305 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## किसानों से धोखाधड़ी मामले में 2 अधिकारी गिरफ्तार



**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर के भाटपाल गांव के किसानों के साथ धोखाधड़ी कर किसानों को जेल भिजवाने वाले दलालों में उद्यान विभाग के दो अधिकारियों को आज बस्तर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कल दो दलाल बलराम चावड़ा एवं रघु सेठिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में 3 अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

बस्तर एसपी डी श्रवण ने बताया कि शिकायत के 48 घंटे के अंदर ही 4 बिचौलियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 2009 और 2010 में किसानों के खेत में ड्रिप पाइप के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में सात लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया गया था, जिसमें 4 लोग की गिरफ्तारी हो चुकी है। जेल से रिहा होने के बाद भाटपाल के किसान तुलाराम मौर्य ने कोतवाली में लिखित शिकायत की थी, जिसमें 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अब तक इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, बाकी तीन लोगों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आज हॉर्टिकल्चर के ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी रूपेंद्र चौधरी निवासी आसना और राधा किशन मिश्रा निवासी जगदलपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## बायोफ्यूल उत्पादन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभांरभ



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण, ऊर्जा विभाग द्वारा 'कृषि उत्पादन से बायोफ्यूल उत्पादन' विषय पर आज न्यू-सर्किट हाउस में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव के.डी.पी. राव ने कहा कि बायोफ्यूल उत्पादन को एक आंदोलन के रूप में शुरू करने की आवश्यकता है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है, जिसके निश्चित ही सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने बायोफ्यूल उत्पादन के लिए बायोमॉस की उपलब्धता और रॉ-मटेरियल को किस रूप में उपयोग किया जाए, पर मंथन करने की जरूरत हैं। इस समय ऊर्जा के वैकल्पिक साधन सौर ऊर्जा का सफ्लतम उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि बायोफ्यूल के महत्व के संबंध में जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस कार्यशाला के प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव श्रीमती अलका भार्गव ने कहा कि बायोफ्यूल के विकास के लिए देश-प्रदेश में कृषि वानिकी मॉडल पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें सर्कुलर इकोनॉमी की ओर ध्यान देना चाहिए जिसमें किसान अपने उत्पाद सीधा विक्रय कर सकें।

## साउथ बिहार एक्सप्रेस में बोगियों में मोबाइल चार्जर नहीं, यात्रियों को हो रही परेशानी

**» सफाई व्यवस्था बदहाल, टॉयलेट की नहीं हो रही सफाई**



**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग से राजेन्द्रनगर की ओर जाने वाली एवं राजेन्द्र नगर से दुर्ग की ओर आने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में यात्रियों का सफर मुश्किलों से भरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आने जाने वाली ट्रेनों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। आरक्षित बोगियों सहित जनरल बोगियों में भी लगे टॉयलेट सफाई नहीं होने से बदबू मारते है। जिसके चलते इस ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्री बेहद परेशान है। यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से राजेन्द्र नगर की ओर जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस प्रतिदिन 1100 किमी जाना एवं 1100 किमी आना तय करती है। उक्त ट्रेन में बोगियों में मोबाइल चार्जर नहीं होने से मुसीबत में पड़ने पर यात्री अपने परिजनों से जानकारी देने से वंचित है। टाटानगर स्टेशन उक्त ट्रेन का मुख्य स्टापेज है। बावजूद इसके वहां पर रेलवे द्वारा ठेके में दिये गये स्वच्छता अभियान को संचालित करने वाले सफाई कर्मी उदासीनता बरत रहे है। यात्रियों ने रेल मुख्यालय में पदस्थ जिम्मेदारों से उक्त ट्रेनों में सफाई व्यवस्था तत्काल कायम करने की मांग करते हुए बोगियों में तत्काल मोबाइल चार्जर लगाने की मांग की है।

## हिमालय का नौरंगों वाला सुंदर पक्षी नौरंगा देखा गया बस्तर में



**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर के हरे भरे वन और यहां का पर्यावरण प्रवासी पक्षियों को आमंत्रण के लिए प्रलोभित करता है। इसके साथ-साथ देश के विभिन्न प्रदेशों के पक्षियों को भी यहां आने के लिए प्रेरित करता है। ऐसा ही कुछ अभी वर्तमान में हिमालय की तराई में रहने वाले नौरंगा पक्षी का बस्तर में दिखाई देना स्थानीय लोगों सहित बस्तर को महत्वपूर्ण बना रहा है।

इस समय यह पक्षी बस्तर के तितिरगांव के जंगल में दिखाई पड़ रहा है और इसकी मीठी तथा सुरीली आवाज लोगों के कान में रस घोल रही है। यह पक्षी 18 से 20 सेमी आकार के और बिलकुल छोटी पूंछ के साथ नौ रंगों में दिखाई पड़ रहा है। इनके रंग बिरंगे और इनकी सुंदरता को देखकर इन्हें यहां पर नौरंगा पक्षी के रूप में पुकारा जा रहा है। जबकि इस पक्षी का वैज्ञानिक नाम पीता ब्रेक्यूरा है। इस सुंदर पक्षी को इस समय वृक्षों के ऊंची शाखाओं पर चहल-कदमी करते देखना मन को मोहित करता है। इस पक्षी का बसेरा हिमालय के निचले क्षेत्र से लेकर कश्मीर का पूरा क्षेत्र, नेपाल, सिक्किम व भूटान है।

## ट्रक और बोलेरो में भिड़ंत, 6 की मौत, 5 लोग घायल



**सूरजपुर (आरएनएस)।** बीती रात चंदौर थाना अंतर्गत पेंडारी घाट में ट्रक और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि घटना स्थल पर ही 6 लोगों की मौत हो गई वही 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में ट्रक ड्राइवर समेत बोलेरो सवार एक बच्ची और एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हुई हैं। जिसमें 5 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकी एक महिला की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। मिली जानकारी अनुसार, बोलेरो सवार मृतक और घायल बलरामपुर जिले के विजयनगर थाना क्षेत्र निवासी बताये जा रहे है। घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में अम्बिकापुर रेफर किया गया।बोलेरो सवार सभी लोग कुदढगढ़ पूजा करने जा रहे थे। हादसे में ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गई, ट्रक ड्राइवर के शव को बाहर निकलने चंदौरा पुलिस को रेस्क्यू करना पड़ा। यह घटना अम्बिकापुर बनारस मार्ग के घाट पेंडारी की है।

## अपने प्लास्टिक सर्जरी करवाने पर बोलीं कियारा आडवाणी



ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी कुछ दिनों पहले जब एक इवेंट में शरीक हुई तो उनके फोटोज देख लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि कियारा ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। वहीं कुछ लोग यह भी कहते दिखे कि ऐक्ट्रेस ने बोटॉक्स करवाया है, तो कुछ ने यह भी कहकर ऐक्ट्रस के लुक का मजाक उड़ाया कि बोटॉक्स ज्यादा हो गया। हालांकि कियारा ने उस समय भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि उन्होंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है। अब ऐक्ट्रेस ने बताया कि आखिर उस दिन हुआ क्या था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक चैट शो के दौरान कियारा से प्लास्टिक सर्जरी को लेकर हुए इशू पर सवाल हुआ था। इस पर बात करते हुए ऐक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें एक प्रॉडक्ट के प्रमोशनल इवेंट में जाना था। इस दौरान उन्होंने अपना मेकअप खुद करने के बारे में सोचा।

कियारा ने कहा कि उन्हें लगता था कि वह अच्छा मेकअप कर लेती हैं, लेकिन जब लोगों ने फोटोज देखकर प्लास्टिक सर्जरी करवाने की बातें करना शुरू कर दीं तब उन्हें एहसास हुआ कि उन्होंने मेकअप में गड़बड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि यह सब या तो उनकी हाई चीकबोन या फिर ज्यादा हाइलाइटर के कारण हुआ।

ऐक्ट्रेस ने आगे बताया कि कॉमेंट्स पढ़ने के बाद उन्हें ऐसा लगने लगा जैसे सच में उनके चेहरे में कुछ गड़बड़ है या फिर कुछ बदल गया है।

## इंस्टाग्राम पर प्रियंका चोपड़ा के फॉलोअर्स की संख्या हुई 4 करोड़




बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के दीवानों की संख्या बढ़ती ही जा रही है और इसका सबूत उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखा जा सकता है। इस खूबसूरत अदाकारा की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग बढ़कर 40 मिलियन यानी 4 करोड़ हो गई है। इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए ऐक्ट्रेस ने विडियो मेसेज पोस्ट किया।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट विडियो में प्रियंका अपने फॉलोअर्स की संख्या के बारे में बताते हुए फैन्स को फ्लाइंग किस देती नजर आ रही हैं। इस दौरान उनकी हैपीनेस भी देखी जा सकती है।

वैसे विडियो के साथ प्रियंका ने अपने फैन्स के लिए खास मेसेज भी लिखा। उन्होंने अपने फैन्स को धन्यवाद देते हुए अपनी इंस्टाग्राम फैमिली के हर मेंबर के लिए अपना प्यार जाहिर किया।

बता दें कि, प्रियंका मौजूदा समय में इंस्टाग्राम पर बॉलिवुड की सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली ऐक्ट्रेस हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर दीपिका हैं जिनके इंस्टा पर तीन करोड़ 5 लाख फॉलोअर्स हैं वहीं आलिया भट्ट की भी तीन करोड़ से ज्यादा की फैन फॉलोइंग है।

## च्युइंग गम चबाने से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा



अगर आप भी बहुत ज्यादा च्युइंग गम चबाते हैं या फिर खाने में वाइट कलर का मेयोनीज आपको काफी पसंद है तो इन चीजों का बहुत ज्यादा सेवन करने से पहले सावधान हो जाइए। इन चीजों में मौजूद फूड एडिटिव की वजह से आपको कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

**फूड एडिटिव की वजह से कैंसर का खतरा** - दरअसल, खाद्य पदार्थों में रूप, रंग, गंध या अन्य किसी गुण को सुरक्षित रखने या बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एजेंट्स को फूड एडिटिव कहा जाता है। च्युइंग गम या मेयोनीज जैसी चीजों में वाइटनिंग एजेंट के रूप में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले फूड एडिटिव की वजह से पेट में जलन से जुड़ी बीमारी और कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा रहता है। हाल ही में हुई एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है।

**वाइटनिंग एजेंट के तौर पर इस्तेमाल-** ई171 जिसे टाइटेनियम डाइऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स कहते हैं एक फूड एडिटिव है जिसका इस्तेमाल वाइटनिंग एजेंट के तौर पर बड़ी मात्रा में खाने-पीने की कई चीजों और यहां तक की दवाईयों में भी होता है। इस फूड एडिटिव का हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर होता है यह जानने के लिए चूहों पर एक स्टडी की गई। ई171 का इस्तेमाल 900 से भी ज्यादा फूड प्रॉडक्ट्स में होता है और आम लोग हर दिन बड़ी संख्या में इस फूड एडिटिव का सेवन करते हैं।

**गट यानी आंतों पर पड़ता है बुरा असर** - फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन नाम के जर्नल में प्रकाशित इस स्टडी में कहा गया है कि ऐसे फूड आइटम्स का सेवन करना जिसमें ई171 फूड एडिटिव शामिल है का सीधा असर हमारे गट यानी आंतों पर पड़ता है।